# निर्णय वइजलास श्री रामसिंह गुर्जर आर.ए.एस. उपखण्ड अधिकारी छबडा जिला बारां द्वारा अध्यासित

प्रकरण संख्या 1 / 2024
दायरा दिनांकः—19.01.2024
निर्णय दिनांकः— 29.1.25

## उनवान

1. अंतिमा कुमारी आयु 24 वर्ष पुत्री स्व0 राजेन्द्र कुमार मेघवाल जाति मेघवाल निवासी ग्राम गुगोर तहसील छबडा जिला बारां (राज0)
2. रामबिलास मेघवाल आयु 23 वर्ष आत्मज स्व0 राजेन्द्र कुमार मेघवाल जाति मेघवाल निवासी ग्राम गुगोर तहसील छबडा जिला बारां (राज0)
3. मोहनी बाई आयु 44 वर्ष पत्नि स्व0 राजेन्द्र कुमार मेघवाल वर्तमान पति मोहनलाल निवासी ग्राम गुगोर हाल निवास ग्राम खेडी तहसील छीपाबडौद जिला बारां (राज0)

बनाम

1. राजस्थान सरकार जर्ये तहसीलदार तहसील छबडा जिला बारां

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल0 आर एक्ट

निर्णय दिनांकः— 29.1.25

अभिभाषक उपस्थितः—1. श्री हेमराज कुशवाह— प्रार्थी

अभिभाषक वादी द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा,136 एल0आर0एक्ट0 विरूद्ध प्रतिवादीगण के न्यायालय मे इस अशय का पेश किया गया कि ग्राम गूगोर तहसील छबड़ा में खाता संख्या 280 / 281 की खसरा संख्या 200 रकबा 4.1733 है० खसरा संख्या 316 रकबा 1.0117 है० खसरा संख्या 368 रकबा 0.2150 है० तथा खसरा संख्या 370 रकबा 0.1770 है। कुल किता 4 कुल रकबा 5. 5770 है० कृषि आराजियात अवस्थित हैं जिसमें प्रार्थिया कमांक 1 का नाम अंतिमा कुमारी पुत्री राजेन्द्र कुमार मेघवाल के स्थान पर अनीता कुमारी पुत्री राजू हिस्सा 1 / 18 तथा प्रार्थी कमांक 2 रामबिलास मेघवाल आत्मज राजेन्द्र कुमार मेघवाल के स्थान पर पप्पू पुत्र राजू हिस्सा 1 / 18 तथा प्रार्थिया कमांक 3 मोहनी बाई पत्नी राजेन्द्र कुमार मेघवाल के स्थान परं चन्द्रकला पत्नी स्व० राजू हिस्सा 1 / 18 दर्ज जमाबंदी हैं। उपरोक्त आराजियात प्रार्थी कमांक 1 व 2 के पिता व प्रार्थिया कमांक 3 के पति राजेन्द्र कुमार उर्फ राजू को विरासत में अपने पूर्वजों से प्राप्त हुई थी तथा प्रार्थी कमांक 1 व 2 के पिता व प्रार्थिया क्रमांक 3 के पति के देवलोकगमन करने के बाद जर्ये फोती इन्तकाल प्रार्थीगण को प्राप्त हुई परन्तु राजस्व कर्मचारियों

उपखण्ड अधिकारी
छबड़ा (बारां)

की त्रुटिवश प्रार्थीगण का नाम खातेदारी में गलत अंकित हो गये जिनमें प्रार्थिया कमांक 1 का नाम खातेदारी में अनीता पुत्री राजू दर्ज हो गया हैं जबकि प्रार्थिया कमांक 1 का वास्तविक नाम अंतिमा कुमारी पुत्री राजेन्द्र कुमार मेघवाल तथा प्रार्थी कमांक 2 का नाम खातेदारी में पप्पु पुत्र राजू दर्ज हो गया हैं जबकि प्रार्थी कमांक 2 का वास्तविक नाम रामविलास मेघवाल आत्मज श्री राजेन्द्र कुमार मेघवाल हैं तथा इसी तरह प्रार्थिया कमांक 3 का नाम खातेदारी में चन्द्रकला पत्नी स्व० राजू दर्ज हो गया हैं जबकि प्रार्थिया कमांक 3 का वास्तविक नाम मोहनीबाई पत्नी स्व० राजेन्द्र कुमार मेघवाल वर्तमान पति मोहनलाल हैं तथा प्रार्थीगण के नाम उपरोक्त आराजियात की जमाबंदियों में संशोधित किया जाना आवश्यक हैं। प्रार्थीगण के नामों का सही अंकन जमाबंदियों में नहीं होने से प्रार्थीगण को भूमियों पर बैंक से ऋण प्राप्त नहीं हो पा रहा हैं तथा सरकार द्वारा प्रदत्त अन्य सहायताएँ भी प्राप्त नहीं हो पा रही हैं इसलिये प्रार्थीगण प्रार्थना पत्र की चरण कमांक 1 में वर्णित भूमियों में प्रार्थीगण के नाम में हुई त्रुटि को ठीक कराकर प्रार्थिया कमांक 1 के नाम के स्थान पर अंतिमा कुमारी पुत्री राजेन्द्र कुमार मेघवाल तथा प्रार्थी कमांक 2 के नाम के स्थान पर रामविलास मेघवाल आत्मज श्री राजेन्द्र कुमार मेघवाल तथा प्रार्थिया कमांक 3 के नाम के स्थान पर मोहनीबाई पत्नी स्व० राजेन्द्र कुमार मेघवाल वर्तमान पति मोहनलाल जमाबंदी में दर्ज कराना चाहते हैं जो न्याय हित में आवश्यक हैं । प्रार्थीगण ने उपरोक्त वर्णित आराजियात की जमाबंदियों के अंकन में हुई उपरोक्त त्रुटि को ठीक करने हेतु प्रार्थीगण द्वारा अप्रार्थी श्रीमान् तहसीलदार साहब तहसील छबड़ा को दिनांक 07/12/23 को निवेदन किया तो उन्होने प्रार्थीगण से सम्मानीय न्यायालय में कार्यवाही करने की बात कही, अतः सम्मानीय न्यायालय में यह प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जा रहा हैं। प्रार्थी को जमाबंदियों में हुए उपरोक्त वर्णित अंकल का कोई ज्ञान नहीं था तथा दिनांक 01/11/23 को बैंक से ऋण प्राप्त करने हेतु जमाबंदियों की नकलें प्राप्त की तो इस तथ्य का ज्ञान हुआ इसलिये इस तिथि को ही प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने का कारण उत्पन्न हुआ।

प्रार्थीया का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थी को जर्ये सम्मन तलब किया गया। प्रार्थीया द्वारा अपने पक्ष के समर्थन में नकल जमाबन्दी ग्राम गुगोर सम्वत् 2075–78 खाता संख्या 280 फोटो प्रति आधार कार्ड मोहनी बाई फोटो प्रति आधार कार्ड रामविलास फोटो प्रति आधार कार्ड अन्तिमा कुमारी फोटो प्रति परिवार राशन कार्ड राजेन्द्र पेश किया गया।

बहस अभिभाषक प्रार्थीया सूनी गई बहस के दौरान अभिभाषक प्रार्थीया द्वारा प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दौहराया गया। वकील प्रार्थी का कथन है कि विवादित आराजी वाके ग्राम गुगोर तहसील छबडा में स्थित है। जो प्रार्थीगण के शामलाती खातेदारी में दर्ज है उक्त भूमि प्रार्थीगण को विरासत में अपने पूर्वजों से प्राप्त हुई थी। प्रार्थी क्रम 1 व 2 के पिता व अप्रार्थी क्रम 3 के पति का र्स्ववास होने के बाद फोती नामान्तरण खोलतें समय प्रार्थीगण का नाम गलत दर्ज हो गये अन्तिमा का अनीता पुत्री राजू जबकि वास्तविक नाम अन्तिमा कुमारी पुत्री राजेन्द्र कुमार मेघवाल तथा रामविलास मेघवाल पुत्र राजेन्द्र कुमार मेघवाल के स्थान पर पप्पु पुत्र राजू एवं मोहनी बाई पत्नि राजेन्द्र कुमार के स्थान

उपखण्ड अधिकारी
छबड़ा (बारां)

पर चन्द्रकला पत्नि राजू दर्ज हो गया जिसे प्रार्थीगण दरूस्त करवाना चाहतें है प्रार्थीगण का नाम गलत होने के राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ नही मिल पा रहा है प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार कर प्रार्थीगण के नाम दुरूस्त फरमायें जावें।

बहस अभिभाषक प्रार्थी सूनी गई पत्रावली एवं रिकार्ड का अवलोकन किया गया। प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत नकल जमाबन्दी ग्राम गुगोर सम्वत् 2075–78 खाता संख्या 280 के अनुसार अनीता पुत्री राजू हिस्सा 1/18 चन्द्रकला पत्नि स्व0 राजू हिस्स 1/18 पप्पु पुत्र राजु हिस्स 1/18 जाति मेघवाल सा0देह दर्ज है आधार कार्ड मोहनी बाई पत्नि मोहनलाल निवासी खेडी रांई आधार कार्ड रामविलास मेघवाल पुत्र राजेन्द्र कुमार निवासी गुगोर एवं आधार कार्ड अन्तिमा कुमारी पत्नि नन्द बिहारी निवासी भोज्याखेडी दर्ज है परिवार राशन कार्ड में मोहनी बाई अन्तिमा रामविलास दर्ज है दस सम्बन्ध में तहसीलदार छबडा से रिपोर्टली गई। तहसीलदार ने रिपोर्ट में बताया कि राजस्व रिकार्ड ग्राम गुगोर में प्रार्थीगणों का नाम खाते में पप्पु पुत्र राजू, अन्तिमा पुत्री राजू चन्द्रकला पत्नि स्व0 राजू दर्ज रिकार्ड है उक्त नाम राजू के विरासत के नामान्तरण संख्या 967 दिनांक 06.01. 2006 को राजस्व रिकार्ड में दर्ज हुआ। प्रार्थीगणों के आधार कार्ड में अन्तिमा कुमारी रामविलास आत्मज राजेन्द्र कुमार व मोहनी बाई पत्नि मोहनलाल अंकित है मौके पर उपस्थित परिजनों व ग्राम वासियों से पुछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि अन्तिमा व अनीता एक ही है रामविलास व पप्पु एक ही व्यक्ति है चन्द्रकला व मोहनी एक ही महिला का नाम है मोहनी बाई ने अपने पति की मृत्यु के बाद मोहनलाल के साथ दुसरी शादी कर ली जो वर्तमान पति मोहनलाल के साथ ही निवास कर रही है पत्रावली में प्रस्तुत दस्तावेजों से अनीता/ अन्तिमा का एक नाम होना साबित होता है तथा पप्पु/रामविलास भी एक व्यक्ति होना प्रतीत होता है परन्तु मोहनी/चन्द्रकला के सम्बन्ध में यह साबित नही होता है अतः तहसीलदार छबडा की रिपोर्ट एवं प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर अन्तिमा व पप्पु का नाम दुरूस्त किया जाना उचित है प्राथीगण का प्रार्थना पत्र आंशिक स्वीकार किया जाना न्यायोचित है।

**:: क्रियात्मक आदेश ::**

उपरोक्त विवेचनानुसार प्राथीगण का प्रार्थना पत्र आंशिक स्वीकार किया जाता है विवादित आराजी वाके ग्राम गुगोर के खसरा नम्बर 200 रकबा 4.1733 है0 एवं खसरा नम्बर 316 रकबा 1.0117 है0 खसरा नम्बर 368 रकबा 0.1250 है0 खसरा नम्बर 370 रकबा 0.1770 है0 में वर्णित अनीता पुत्री राजू के स्थान पर अन्तिमा कुमारी पुत्री राजेन्द्र कुमार एवं पप्पु पुत्र राजू के स्थान पर पप्पु उर्फ रामविलास मेघवाल पुत्र राजेन्द्र कुमार दर्ज करने के आदेश तहसीलदार छबडा को दिये जातें है।

निर्णय लिखाया जाकर सरे इजलास सुनाया गया।

(रामसिंह गुर्जर)
उपखण्ड अधिकारी
आर.ए.एस.
छबडा (बारां)
उपखण्ड अधिकारी, छबडा